WEST CENTRAL RAILWAY

OFFICE OF THE,
DRM-KOTA.

No.C.331/0/1/SBM Dt.30/10/2015

Chief Commercial Manager,
WCR/Jabalpur.

Sub : Activities for "Sardar Patel United Clean India Drive from 11.10.15 to 31.10.15……..Inspection Report of **ADFM-I/Kota** at **HAN station Dated 29.10.15** on item no.2 (i)

Ref : CRB's DO no.2015/EnHM/06/12 dt.24/9/15 to GMs.

– – – – – – – – – –

In compliance to CRB's above DO letter item no.2(i), Cleanliness inspection was carried out by **ADFM-I/Kota** at **HAN station Dated 29.10.15.** Inspection report as per Annexure-II along with Photographs of cleanliness activity is as under :

Item No. 1	**Stations included :** **A–1** Category – KOTA **A**– Category – SWM, BTE **B**–Category– GGC, HAN, BWM, RMA & BUDI **D**–Category – SGZ, SMBJ, BXN, VMA, DKNT, BAZ, CAG, CMU, SVA & LKE **E**-Category– KPTN, KPZ, NNW, BON, ATRU, THEA, MLGH, MTPC, JLWC & DARA
Item No. 2	Cleanliness activity at HAN Station is not being monitored through CCTV.
Item No. 3	Anti littering rules are displayed at station.
Item No. 4	Passengers were advised for proper use of Bio-Toilets in railways.
Item No. 5	Garbage bags not found in trains. Dust bins were found at the distance of 10 Mts. Prompt action is being taken on receipt of web based SMS complaints. No complaint is pending at HAN station.
Item No. 6	Dust bins are available at station and accessibility for passengers at every 10 Mtrs. Distances was found.
Item No. 7	Nil
Item No. 8	Stamping Cleanliness message on UTS/PRS is not continued but stamping on catering Paper cup and Plates was found.

Submitted please.

DA- Photographs attached

ADFM-I/Kota

Cleanliness drive by ADFM-I/Kota at Hindaun City station on dated 29.10.15

Cleanliness Drive at Platform

Cleanliness Drive Circulating area

Cleanliness Drive at Circulating area

Cleanliness drive

Paper Clip Rajasthan patrika Hindaun City Station Dated 30.10.2015

रेलवे अधिकारियों ने स्टेशन पर की सफाई

हिण्डौनसिटी रेलवे प्लेटफार्म पर सफाई करते रेलवे अधिकारी।

स्वच्छता अभियान

हिण्डौनसिटी @पत्रिका. स्वच्छ भारत अभियान के तहत गुरुवार सुबह रेलवे स्टेशन पर मण्डल स्तरीय व स्थानीय रेल अधिकारियों ने श्रमदान कर सफाई की। करीब तीन घंटे तक चले सफाई अभियान में रेलकर्मियों ने प्लेटफार्म के अलावा रेलवे पार्किंग व कॉलोनी क्षेत्र से कचरे के ढेर हटाए। कोटा मण्डल कार्यालय से स्वच्छता अभियान के लिए नियुक्त प्रभारी सहायक वित्त प्रबंधक आर. के. प्रजापत के नेतृत्व में रेलकर्मियों ने पटना-कोटा एक्सप्रेस के समय स्वच्छता रैली निकाली। गार्ड के डिब्बे से इंजन तक समूह के रूप में नारे लगा रेलकर्मियों ने यात्रियों को ट्रेन के अंदर व प्लेटफार्म को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। बाद में प्रजापति, वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी बी.एस. मीणा, लेखा सहायक उदयसिंह, स्टेशन अधीक्षक त्रिलोकचन्द राजौरा, हरीसिंह, देवीसिंह सहित रेलकर्मियों ने प्लेटफार्म नम्बर एक व दो, टिकट घर परिसर सहित रेलवे स्टेशन परिसर में सफाई की। इसके बाद प्रजापति ने अधिकारियों की बैठक ली। इस में रेलवे स्टेशन की दैनिक सफाई व्यवस्था पर चर्चा की गई। स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में आरपीएफ व जीआरपी के जवानों ने भी सहयोग किया।

शिविरार्थियों ने किया श्रमदान

कटकड़. क्षेत्र के खेड़लियान का पुरा स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में चल रहे अभिरुचि शिविर में गुरुवार को संभागियों ने साफ-सफाई कर श्रमदान किया। शिविर प्रभारी भगवानसिंह योगी ने बताया कि संभागियों ने स्कूल परिसर व अम्बेडकर पार्क में से कचरे के ढेर हटाए तथा झाड़ियों को साफ किया।

इस दौरान पार्षद अमरसिंह जाटव व रामसहाय ने छात्र-छात्राओं को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी।

Paper Clip Dainik Bhaskar Hindaun City Station Dated 30.10.2015

रेलवे स्टेशन पर लगाई झाडू स्वच्छता का दिया संदेश

कर्मचारियों ने स्वच्छता रैली निकाली, कोटा रेल मंडल के सहायक वित्त प्रबंधक ने उठाई झाडू

हिंडौन सिटी। कोटा रेल मंडल के सहायक वित्त प्रबंधक एवं अन्य रेलकर्मियों ने गुरुवार को रेलवे स्टेशन पर झाड़ू लगाकर सफाई की और स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर स्टेशन एवं रेलवे कॉलोनी क्षेत्र में रैली निकालकर लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया। स्टेशन अधीक्षक त्रिलोकचंद राजौरा ने बताया कि रेलवे की ओर से स्वच्छता अभियान चलाया हुआ है। इस अभियान के तहत गुरुवार को कोटा रेल मंडल के सहायक वित्त प्रबंधक रमेश प्रजापति हिंडौन आए। जिन्होंने रेलवे के स्थानीय अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ रेलवे स्टेशन पर झाड़ू लगाकर सफाई की और लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।

सहायक वित्त प्रबंधक के नेतृत्व में रेलकर्मियों ने रैली भी निकाली और लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया। इस दौरान स्टेशन अधीक्षक त्रिलोकचंद राजौरा, रमेश, रामकुमार, शिवराम, कलुआ, मुकेश गुप्ता आदि मौजूद थे।

57 यात्रियों पर किया 23 हजार का जुर्माना

रेलवे मजिस्ट्रेट असीम कुलश्रेष्ठ के नेतृत्व में रेलवे की टीम ने रेलवे अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 57 यात्रियों पर 23 हजार का जुर्माना किया है। आरपीएफ के चौकी प्रभारी डीपी सिंह ने बताया कि रेलवे मजिस्ट्रेट असीम कुलश्रेष्ठ, टीटीआई कमल कपूर ने रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की जांच की। इस दौरान अनाधिकृत रुप से रेल पटरी पार करने, बेटिकट यात्रा करने, रेलवे स्टेशन पर गंदगी फैलाने वाले 57 यात्रियों से रेलवे अधिनियम के तहत 23 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया।

हिंडौन सिटी. रेलवे स्टेशन पर झाडू लगाते रेलवे अधिकारी।

तीन जनों पर 600 रुपए का जुर्माना

रेलवे स्टेशन पर धूम्रपान करते मिले तीन जनों से आरपीएफ ने 600 रुपए का जुर्माना वसूला है। आरपीएफ चौकी प्रभारी डीपी सिंह ने बताया कि रेलवे की ओर से इन दिनों स्वच्छता अभियान चलाया हुआ है। इसके चलते रेलवे स्टेशन पर गंदगी फैलाने एवं धूम्रपान करने वाले यात्रियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। गुरुवार को तीन जनों को बीड़ी पीते हुए पकड़ने पर प्रत्येक से 200 रुपए का जुर्माना वसूला गया।